## ब्रीफ न्यूज़

### सर्पदंश से युवक की मौत, मर्ग कायम

**श्योपुर।** जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गिरधरपुर में एक युवक की मौत सांप के काटने से शुक्रवार की रात्रि 12.30 बजे हो गई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचनाकर्ता उत्तम देव पुत्र नारायण देवनाथ योगी नि. अलीरपुरद्वार पंश्चिम बंगाल ने सूचना दी कि शुक्रवार की रात्रि 12.30 बजे महेश राजावत के घर ग्राम गिरधरपुर में धनंजय पुत्र देवनारायण योगी की मौत सांप के काटने से हो गई है। मामले में मानपुर थाने में शनिवार की शाम 5.30 बजे मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस ने यह जानकारी रविवार को शाम 4.30 बजे दी है।

### सार्वजनिक स्थान पर गांजा पीता आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**श्योपुर।** जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बर्धा के सहराने में नहर के पास एक युवक शनिवार की शाम 4 बजे अवैध रूप से चिलम में गांजा भरकर पी रहा था, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी पवन पुत्र रामगोपाल राव नि. ब्लॉक कॉलोनी श्योपुर शनिवार की शाम 4 बजे नहर बर्ध सहराने पर सार्वजनिक स्थान पर चिलम से गांजा पी रहा था, जिसे मौके से पुलिस ने मय गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 27 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### स्कूल के पास गांजा पीता आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**श्योपुर।** जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत नहर के पास पंजाबी आबादी स्कूल के पास पुलिस ने एक आरोपी को सार्वजनिक स्थान पर शनिवार की रात्रि 8.10 बजे गांजा पीते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बतया कि आरोपी सतगुरू पुत्र सुग्रीव मीणा उम्र 19 साल नि. चन्द्रपुरा शनिवार की रात्रि 8.10 बजे नहर के पास आबादी पंजाबी स्कूल के पास अवैध रूप से सार्वजनिक स्थान पर बैठकर चिलम में गांजा भरकर पी रहा था, जिसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 27 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने बदले माइक्रो अर्ब्जावर

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल द्वारा शनिवार को देर रात्रि में 23 नवम्बर को मतगणना कार्य के लिए बनाये गये माइक्रो ऑब्र्जवर को बदलते हुए नवीन आदेश जारी किया गया है, जिसमें 40 माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किये गये हैं जिन्हें आज सोमवार को पीजी कॉलेज श्योपुर मे प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। माइक्रो आब्वर्जर की नियुक्ति को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जेपी धनोपिया ने आपत्ति भारत निर्वाचन आयोग को की थी, जिसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह आदेश जारी कर दिया है।

# 23 नवम्बर को होगा विजयपुर के भाग्य का फैसला

## विजयपुर के उपचुनाव में प्रत्याशियों की साख दांव पर

### कांग्रेस आरोपो में व्यस्त-भाजपा की रिजल्ट पर निगाह

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

यूं तो प्रदेश में विजयपुर के अलावा बुधनी में भी उपचुनाव सम्पन्न हुआ हैं, लेकिन प्रदेश में सबसे अधिक अगर चर्चा है तो वो सीट है विजयपुर, जहां प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत भाजपा के प्रत्याशी हैं, जिनके लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव समेत पूरी सरकार एक पैर पर यहां चुनाव प्रचार में जुटी रही, तो वहीं कांग्रेस के आला नेताओं ने यहां चौखट चौखट पर सिर पटका हैं और कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्हौत्रा के लिए वोट मांगा है। यह सीट हाईप्रोफाइल सीट बन गई हैं क्योंकि इस सीट पर सबसे बड़ा मुद्दा गद्दारी और विकास का हावी रहा। इसलिए यह सीट दोनो ही पार्टियों के लिए साख बन गई है। अब 23 नवम्बर को विजयपुर के भाग्य का फै सला होगा कि यहां से कांग्रेस अपनी सीट को बचा पाती है या फिर भाजपा अपने मंत्री रामनिवास रावत को विजयश्री दिलाने में कामयाबी रहती हैं, लेकिन चाय की दुकान से गांव की चौपाल तक चर्चा का बाजार गर्म है।

श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा में उपचुनाव सम्पन्न हो चुका है और निगाहे 23 नवम्बर को मतगणना दिवस पर टिकी हुई हैं, कांग्रेस जहां शुरूआत से ही यहां बूथ कैप्चरिंग सहित हिंसा का आरोप सत्ताधारी पार्टी पर लगाकर मतदाताओं को डराने धमकाने का आरोप लगा रही हैं तो वहीं भाजपा चुनाव के शांतिपूर्ण और ठीक तरीके से सम्पन्न होने का दम्भ भर रही हैं। इसके अलावा कांग्रेस के कार्यकर्ता तो स्ट्रॉग रूम के बाहर पैहरा तक दे रहे हैं। इस सीट पर फै सला आने में अभी 5 दिन शेष हैं, लेकिन फै सले को लेकर जहां भाजपा आश्वस्त हैं तो वहीं कांग्रेस भी दावा कर रही है, यह सीट कांग्रेस के खाते में ही आएगी।



### कांग्रेस के लिए भी कठिन चुनौती

यह सीट कांग्रेस की पारम्परिक सीट मानी जा सकती हैं क्योकि इस सीट पर कांग्रेस 6 बार चुनाव जीती है जिसमें विधायक रामनिवास रावत को हर बार टिकिट मिला और वे जीते, लम्बे समय बाद कांग्रेस ने आदिवासी चेहरा उतारते हुए मुकेश मल्हौत्रा को टिकिट दिया हैं, जिसका फायदा आदिवासी वोट बैंक के साथ कांग्रेस का मूलवोट बैंक भी जुड़ा, लेकिन चुनावी आंकडो में कांग्रेस कितना लाभ ले पाती हैं, यह देखना बाकी हैं, हालांकि यहां चुनाव प्रचार का दारोमदार पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह समेत प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, विधायक जयवर्धन सिंह, लोस प्रत्याशी नीटू सिकरवार समेत तमाम नेताओं ने सम्हाला लेकिन क्या फायदा मिला यह रिजल्ट में पता चलेगा।

### भितरघात से भी आशंकित है भाजपा

भाजपा के लिए विजयपुर उपचुनाव काफी कांटो भरा सफर रहा है, क्योकि इस सीट पर हाल ही में भाजपा में शामिल हुए रामनिवास को प्रत्याशी बनाये जाने से उनकी पार्टी के कई कद्दावर नेता खफा थे, जिनमें सीताराम आदिवासी, बाबूलाल मेवरा प्रमुख हैं जिनमें से सीताराम आदिवासी को तो राज्यमंत्री का दर्जा देकर मना लिया गया और बाबूलाल मेवरा को मंच पर तवज्जो मिली, इसके अलावा सिंधिया खेमा भी काफी हद तक रूष्ट था, जिनके शागिर्द इस चुनाव से दूर तक दिखाई ना दिये, इसके अलावा यहां कई नेताओं को साइड लाइन भी किया गया और चुनाव की कमान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने सम्हाली, इसलिए इस चुनाव में सबसे बडी साख मुख्यमंत्री की हैं जिन्होंने लगभग 10 दौरे यहां किये और 9 सभाओं को सम्बोधित किया हैं, लेकिन अंदरखाने चुनावी खिचड़ी में किसने कितना नमक घोला है, रिजल्ट के दिन सामने आ ही जायेगा।

## रविवार को शहर में कई जगह हुए अन्नकूट

### लोगो ने पाया रामभाजा, पुड़ी का प्रसाद





सत्ता सुधार ■ श्योपुर

शहर के अलग अलग स्थानो पर रविवार को दोपहर 12 बजे के बाद अलग अलग स्थानो पर अन्नकूट महोत्स्व का आयोजन किया गया जिसमें शहरवासियों ने रामभाजा, कड़ी, पुडी और चावल का प्रसाद ग्रहण किया है।

जानकारी के अनुसार शहर के जतिघाट पर मगनानंद जी आश्रम पर अन्नकूट महाप्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में लोगो ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया, इसके पश्चात पुलिस लाइन में पिपलेश्वर महादेव मंदिर पर स्टॉल लगाकर लोगो को अन्नकूट महाप्रसाद का वितरण किया गया, इस दौरान राहगीरो ने लाइन लगाकर प्रसाद ग्रहण किया, इसके अलावा सब्जी मंडी स्थित उत्कृष्ट विद्यालय में भारत स्काउट गाइड ने अन्नकूट महाप्रसाद का आयोजन किया जिसमें स्कूली छात्र छात्राओं सहित संगठन से जुडे कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर अन्नकूट महाप्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही शहर में कई स्थानो पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें लोगो ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया है।

## जय मीनेष सेवा संगठन ने किया कलेक्टेट्र पर प्रदर्शन

### समरायता गांव में उपद्रव को लेकर कार्यवाही की मांग की

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

जय मीनेष सेवा संगठन द्वारा रविवार को दोपहर 2 बजे कलेक्टेऊ्ट परिसर पर प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन महामहीम राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार श्योपुर को सौंपा हैं, जिसमें मांग की गई कि समरायता गांव में हुए उपद्रव में दोषी अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये।

ज्ञापन सौंपते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष राममिलन मीणा ने बताया कि 13 नवम्बर कि रात समरावता गांव में हुए उपद्रव मे पुलिस प्रशासन द्वारा बच्चों महिलाओ, बुजर्गो और युवाओ के साथ दुव्यर्वहार किया गया और बर्बरता पूर्वक पुलिस की कार्यवाही असहनीय है, जिसके लिए तत्काल दोषी अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। ज्ञापन मे उल्लेख किया गया कि समरावता गांव में अपनी मांगो को लेकर वोटिंग का बहिष्कार किया गया था, लेकिन कलेक्टर द्वारा एसडीएम पर दबाव बनाकर गांव के ही शासकीय कर्मचारियों पर सस्पेंड करने जैसी बात कहकर जबरन वोटिंग कराने की कोशिश की गई, जो कि गलत है, इसकी निष्पक्ष जांच की जाकर दोषी अधिकारियों पर निलंबन की कार्यवही की जाये, अन्य गिरफ्तार युवाओं को विभिन्न थानो में बंद किया गया है, जिन्हें तत्काल रहा किया जाये, समरावता गांव में निर्दोष लोगो पर लाठी चार्ज और टियर गैस के गोले दागने वाले पुलिसकर्मियों और अधिकारियों पर आपराधिक मुकदमे दर्ज किये जाये और उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जाये। ग्रामीणों के आर्थिक नुकसान की भरपाई की जाये, साथ ही नरेश मीणा को जल्द से जल्द रिहा किया जाये। इस दौरान ज्ञापन देने वालो में रोहित मीणा, अतर सिंह रावत, बलवान मीणा, लाखन तुलसेफ, छीतर मीणा सहित बडी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## 143 पंच पदो के लिए 18 नवंबर को जारी होगी अधिसूचना

### मतदान 9 दिसंबर को, कलेक्टर ने दी जानकारी

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल द्वारा रविवार को दोपहर 3 बजे जानकारी देते हुए बताया कि त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त कर दिये गये हैं, जिले के तीनो विकासखण्ड में रिक्त 143 पंच पदो पर निर्वाचन के लिए 18 नवंबर को अधिसूचना जारी की जायेगी। इसी के साथ नामांकन प्राप्त करने का सिलसिला शुरू होगा। पंच पदो पर मतदान 9 दिसंबर को कराया जायेगा।

जारी आदेश के अनुसार विकासखण्ड श्योपुर के लिए तहसीलदार अर्जुन सिंह भदौरिया को रिटर्निंग तथा नायब तहसीलदार कमलकिशोर शर्मा को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विकासखण्ड विजयपुर के लिए तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा को रिटर्निंग तथा नायब तहसीलदार श्री नरेन्द्र जैन को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। विकासखण्ड कराहल के लिए तहसीलदार नवीन भारद्वाज को रिटर्निंग तथा नायब तहसीलदार नरेश कुमार रायपुरिया को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। संबंधित विकासखण्ड के रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा क्रमशः तहसील कार्यालय श्योपुर, विजयपुर एवं कराहल में नामांकन प्राप्त किये जायेगे। विकासखण्ड श्योपुर में 36, विजयपुर में 27 एवं कराहल में 80 पंच पदो के निर्वाचन के लिए अधिसूचना 18 नवंबर को जारी होगी। अधिसूचना के साथ ही नामांकन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू होगी।

**निर्वाचन कार्यक्रम :** मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम अंतर्गत पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार 18 नवंबर को नाम निर्देशन पत्र लिये जायेगे। नाम निर्देशन पत्र भरने का समय प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक रहेगा। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 नवंबर अपरान्ह 3 बजे तक नियत की गई है। नामांकन पत्रो की जांच 26 नवंबर को प्रातः 10.30 बजे से होगी तथा 28 नवंबर को अपरान्ह 3 बजे तक अभ्यर्थिता से नाम वापस लिये जा सकेंगे। नाम वापसी के तत्काल बाद शेष अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह का आंवटन किया जायेगा तथा आवश्यक होने पर 9 दिसंबर को मतदान होगा। मतदान सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा। पंच पदो के लिए मतगणना मतदान समाप्ति के तुंरत पश्चात की जायेगी।

## बस स्टेंड पर अज्ञात युवक का मिला शव

### सर्दी से मौत का अंदेशा, मर्ग कायम


**श्योपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पं. दीनदयाल एकीकृत बस स्टेंड पर आज रविवार को सुबह 7 बजे एक अज्ञात युवक का शव मिला हैं, जिसकी मौत का कारण सर्दी को माना जा रहा है। मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज कर मर्ग कायम कर लिया है। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश दुबे ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक अज्ञात व्यक्ति की लाश बस स्टेंड परिसर में पड़ी हुई है, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान करने की कोशिश की गई लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है। और शव को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया गया है। शव पर कोई चोट के निशान नहीं हैं, जिसके चलते आशंका जाहिर की जा रही है कि मौत का कारण सर्दी की ठिठुरन है। फिलहाल शव की पहचान करने की कोशिश की जा रही है और मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## एकजुटता, सामूहिक देखभाल, प्रेम व मनुष्यता ही है बन्धुत्व–अजमत भाई

### ऑनलाईन संविधान पाठशाला का हुआ आयोजन

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

मेरी पहचान संविधान अभियान के तहत ऑनलाइन पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें संवैधानिक मूल्य बन्धुत्व पर संगोष्ठी हुई। इसमें मुख्य वक्ता अजमत भाई उमरिया से रहे।



कार्यक्रम के शुरुआत परिचय से हुआ उसके बाद मुख्य वक्ता अजमत भाई ने बन्धुत्व क्या है और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान में बन्धुत्व का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना है। बंधुत्व से संबंधित विचार इसमें सहानुभूति एकजुटता सामूहिक देखभाल और प्रेम जैसे तत्त्व शामिल हैं। एक शब्द में बंधुत्व भारतीय संविधान में निहित मुख्य मूल्यों में से एक है, जो समाज में और देश मे एकता और समानता को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के सूत्रधार जयसिंह जादौन ने बताया कि संविधान के अनुसार, बंधुत्व व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता की पुष्टि करने का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। कार्यक्रम में राधावल्लभ जांगिड़, राम लखन प्रजापति, दुगेश भाई, सौरभ शर्मा, महावीर मीणा, नरेश सेन, योगेश कुमार सहित 42 युवा साथियों ने भाग लिया। आभार प्रदर्शन बहन सरोज शिवहरे ने किया।

## जन्मदिन पर हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

### 31 यूनिट रक्त संग्रहित, रक्तदानी हुए सम्मानित

सत्ता सुधार ■ श्योपुर



शहर में जन्मदिन पर रक्तदान शिविर के आयोजन की परम्परा लगातार बढ़ रही है और पीडित मानवता की सेवा में समाजसेवी आयोजन कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज रविवार को दोपहर 1 बजे समाजसेवी और रक्तदानी साजिद खान ने अपने 35वें जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन कुम्हार मोहल्ले में किया गया जिसमें 31 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया है।

यह जानकारी देते हुए फखरूद्दीन दाउदी गांधी एवं इमरान खान ने बताया कि 15बार रक्तदान कर चुके साजिद खान के 35वें जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमति कृष्णा राठौर ने पहली बार रक्तदान किया वहीं फखरूद्दीन दाउदी ने 31वीं बार रक्तदान किया है। इसके साथ ही इदरीश दाऊदी, हसन दाऊदी, रफीक खान, वसीम खान और स्वयं साजिद खान सहित 31 लोगो ने रक्तदान किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से रक्तक्रांति के जनक महावीर गुप्ता, अरुण ओसवाल, दिनेश साहू, अनवर बालापुरी, चीनी कुरैशी, राहुल चौहान, मुस्तफा दाऊदी, इमरान अंसारी, वसीम खान, जाहिर खान, विनोद प्रजापति, रफीक रुबीना खान, शाहरुख खान, लक्ष्मी शिवहरे, समीम खान, नाजिम मंसूरी, रफीक खान, अनिकेत, सिराज दाऊदी, सददाम, इसराइल, डॉ शहजाद अली, शोएब मौजूद रहे।

## नदी में बैठकर साधना करते विधायक का वीडियो वायरल

### विधायक बोले- यह मेरा दैनिक नियम

सत्ता सुधार ■ श्योपुर



कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल का कूनो नदी के बीच पत्थर पर बैठकर साधना करते एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है जिसमें वे हाथ में माला फै रकर मंत्रोच्चार कर रहे हैं। यह वीडियो विजयपुर उपचुनाव में जनसंपर्क के दौरान का बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार विजयपुर से कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा की जीत के लिए विधायक बाबू जंडेल द्वारा विशेष पूजा करने की जा रही है जबकि विधायक ने इसे अपनी दैनिक नियम बताया है। उन्होंने कहा कि वे रोजाना इसी तरह की पूजा करते हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि उस दिन नदी में शिला पर बैठकर की गई थी। दरअसल विधायक बाबू जंडेल एक हाथ में माला लिए हुए हैं। वह तपस्वियों की तरह जप-तप करते नजर आ रहे हैं। विधायक बाबू जंडेल का कहना है कि वे नियमित जप-तप और भगवान के नाम की माला फे रते हैं। चुनाव से 4 से 5 दिन पहले वह जब क्षेत्र में प्रचार के लिए जा रहे थे तो नदी देखकर पहले स्नान किया, फिर माला फेरकर नियम पूरा किया।

## 16 टेबिल पर 21 रांउड होगे मतगणना के, मतगणना के लिए व्यापक तैयारियां जारी

# पॉलीटेक्निक कॉलेज में 23 नवंबर को होगी मतगणना

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में विधानसभा उप निर्वाचन-2024 अंतर्गत गत 13 नवंबर को विजयपुर में संपन्न हुए उप निर्वाचन उपरांत अब मतगणना के लिए व्यापाक तैयारियां की जा रही है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतगणना शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज श्योपुर में 23 नवंबर को प्रातः 08 बजे से शुरू होगी।

मतगणना को लेकर की जा रही प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के वोटो की गिनती के लिए 16 टेबिल लगाई जायेगी, जिन पर ईव्हीएम में डाले गये मतो की गिनती होगी। प्रत्येक टेबिल के लिए एक गणना सुपरवाईजर तथा एक गणना सहायक नियुक्त किये गये है। इसके साथ ही माईक्रो आब्जर्वर भी प्रत्येक गणना टेबिल पर नियुक्त रहेगे। पोस्टल बैलेट एवं सर्विस वोटर द्वारा ईटीपीबीएस के माध्यम से डाले गये मतो की गिनती के लिए अलग से दो टेबिल लगाई जायेगी। इस प्रकार कुल 18 टेबिल लगाई जायेगी। ईव्हीएम में डाले गये मतो की गणना के लिए 16 टेबिल पर 21 रांउड में मतगणना संपन्न होगी। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक भी उपस्थित रहेगे। रिटर्निंग आफिसर के अलावा तीन सहायक रिटर्निंग आफिसर भी मौजूद रहेगे।



रिटर्निंग आफिसर मनोज गढवाल ने बताया कि मतगणना के लिए रिजर्व सहित 22-22 गणना सुपरवाईजर, गणना सहायक तथा माईक्रो आब्जर्वर नियुक्त किये गये है। मतगणना दलो की नियुक्ति रेडमाईजेशन के माध्यम से की जायेगी। मतदान में उपयोग में लाई गई ईवीएम तथा वीवीपेट मशीने और डाक मतपत्र कड़ी सुरक्षा प्रबंधों के साथ पॉलिटेक्निक कॉलेज श्योपुर पर बनाये गये स्ट्रांग रूम में शील्ड कर रखी गई है तथा सीसीटीवी कैमरे भी निगरानी के लिए लगाये गये है। मतगणना स्थल पर मोबाइल प्रतिबंधित रहेगा।

### अभ्यर्थियों की ओर से गणना एजेंट उपस्थित रहेगे

मतगणना के दौरान निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन लड रहे अभ्यर्थी के गणना एजेंट भी उपस्थित रहेगे। प्रत्येक अभ्यर्थी की ओर से आरओ की टेबिल सहित प्रत्येक टेबिल पर एक-एक गणना एजेंट नियुक्त किये जाने का प्रावधान है। इस प्रकार आरओ की टेबिल सहित कुल 19 गणना एजेंट नियुक्त किये जा सकते है। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार गणना एजेंट नियुक्त किये जाने के संबंध में आज 18 नवंबर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अभ्यर्थियों की बैठक आयोजित की गई है, जिसमें गणना एजेंट नियुक्त किये जाने के संबंध में जानकारी प्रदान की जायेगी तथा आयोग के निर्देशों से अवगत कराया जायेगा।

## पराली प्रबंधन एवं रोकथाम के लिए बैठक आज

**श्योपुर।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में पराली प्रबंधन एवं रोकथाम के लिए आज 18 नवंबर को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कृषि विभाग से जुडे अधिकारी सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारी भी मौजूद रहेगे। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने क्षेत्र के किसानों से अपील की है कि धान की फसल कटाई पश्चात् नरवाई में आग न लगाये, क्योकि इससे पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ भूमि की उर्वरता एवं उत्पादकता में कमी होने की संभावना होती है। किसान भाई कुछ उपयोगी कृषि यंत्रो जैसे बेलर, रीपर कम बाइंडर, स्ट्रारीपर, सुपर सीडर एवं जीरो टिलेज, सीड ड्रिल के उपयोग से पराली का प्रबंधन कर सकते है।

## पत्नी पर चरित्र शंका में पति बना हैवान

# जान से मारने की नीयत से घात लगाए आरोपी ने पत्नी को कार से कुचला, सास और बच्चा गिरा दूर

### ■ थाने से पति की शिकायत कर वापस लौट रही थी पीड़िता

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

पति की प्रताड़ना से परेशान नंदनी रात करीब 1 बजे अपनी मां और बच्चे के साथ सिरोल थाने में पति अरविंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर वापस लौट रही थी,इसी दौरान आरोपी पति ने अपनी कार से पत्नी, बेटे और सास को जान से मारने की नियत से 3 बार टक्कर मारी, जिसमें उसका बेटा और सास दूर जा कर गिर गए और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई।

थाने में शिकायत करके लौट रही पत्नी को क्या पता था कि चरित्र शंका में डूबा पति उसे और उसके बच्चे को जान से मार देगा। आरोपी पति ने जान से मारने की नीयत से पत्नी को कार से कुचल डाला, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई तो उसकी मां और खुद के बेटे को गाड़ी की जोरदार टक्कर मारी जिससे वह दूर उछल कर जा गिरे। सिरोल इलाके में घटित उक्त वारदात में पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसकी तलाश की जा रही है। झांसी निवासी 24 वर्षीय नंदनी का विवाह सिरोल क्षेत्र में स्थित ऑरेंज वुड्स में रहने वाले अरविंद परिहार के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति- पत्नी के बीच छोटी- छोटी बातों को लेकर विवाद होता रहता है। जिसके चलते दोनों पूर्व में भी थाने पहुंच चुके हैं। बीती रात भी उनके बीच विवाद हो जाने पर पति की शिकायत करने नंदनी अपने माता- पिता के साथ सिरोल थाने गई थी। जहां मारपीट की शिकायत करने पर पुलिस द्वारा मेडिकल करवाने के लिए उसे हॉस्पिटल पहुंचाया गया। मेडिकल कराने के बाद वह अपने माता- पिता व मासूम बेटे के साथ वापस घर लौट रही थी, इसी दौरान कलारी तिराहे के पास घात लगाए बैठे अरविंद ने जान से मारने की नीयत से तेज रफ्तार कार नंदनी पर चढ़ा दी, जिससे उसके सिर में चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके साथ उसका मासूम बेटा भी था उसे भी चोट आई है। बताया जाता है कि आरोपी पूरी तरह मारने की नियत से आया था इसलिए उसने गाड़ी से कई बार कुचलने का प्रयास किया इसी बीच एक युवक ने उन्हें बचाने का प्रयास किया तो आरोपी ने उसे भी कुचलने का प्रयास किया और घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी तेज रफ्तार में कार दौड़ाता हुआ वहां से भाग निकला।



### एक कहानी यह भी है

चिरगांव निवासी नंदनी की 10 साल पहले दतिया के गोटीराम केवट से शादी हुई थी। शादी के 2 साल बाद दोनों को एक बेटा हुआ, जिसका नाम मयंक है। इसके बाद दोनों में दूरियां बढ़ गई और लगभग दो साल पहले नंदिनी अपने पति को छोड़कर बेटे के साथ ग्वालियर आ गई थी। यहां वो अपना ब्यूटी पार्लर का काम करने लगी। इसी दौरान नंदिनी की मुलाकात सिरोल के अरविंद परिहार से हुई। इसके बाद मुलाकात प्यार में बदल गई। कुछ समय लिव-इन में रहने के बाद दोनों शादी कर ली। शादी के बाद कुछ समय तक तो नंदिनी और अरविंद का रिश्ता ठीक चला उसके बाद एक दूसरे से बात - बात पर झगड़ना शुरू हो गया, जिसमें पति-पत्नी और वो वाला एंगल बताया जाता है, जिसमें पूजा नामक महिला की एंट्री हो गई। इसके चलते नंदिनी और अरविंद में झगड़े शुरू हो गए।

### हत्या के प्रयास की एफआईआर

घटना की सूचना पर पुलिस ने घायल महिला को उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया। मामले में पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1) के तहत हत्या के प्रयास की एफआईआर दर्ज की गई है। फिलहाल आरोपी फरार बना हुआ है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास पुलिस कर रही है।

### चरित्र संदेह को लेकर विवाद

बताया गया है कि चरित्र संदेह को लेकर पति- पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता है। दरअसल अरविंद और नंदनी दोनों को ही यह शंका रहतत है, कि उनके पार्टनर के किसी दूसरे के साथ प्रेम प्रसंग है। जिससे वह आपस में झगड़ते रहते हैं।

### इनका कहना है

घर में हुई मारपीट की शिकायत करवाने आई युवती मेडिकल करवाकर वापस लौट रही थी, रास्ते में पति द्वारा कार से उसे टक्कर मार दी गई। आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

**उपेंद्र धाकड़**
**एसआई व विवेचना अधिकारी**

## सनातनी बनना चाहता हूं, पर ससुराल वालों से खतरा

# हिंदू धर्म भाया तो मुस्लिम युवक ने हिंदू युवती से रचाई शादी अब लगाई सुरक्षा की गुहार



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

साहब, मुझे सनातन धर्म अपनाना है इसलिए हिंदू युवती से प्रेम विवाह रचाया है , लेकिन ससुराल वालों को यह रिश्ता मंजूर नहीं होने से मेरी जान को खतरा बना हुआ है। यह कोई फिल्मी कहानी नहीं बल्कि ग्वालियर के जनकगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले विक्की और एकता की प्रेम कहानी है, नव विवाहित जोड़े ने कुछ इसी तरह की गुहार एसपी ऑफिस पहुंचकर सुरक्षा को लेकर लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनकगंज थाना क्षेत्रांतर्गत संजय नगर निवासी विक्की उर्फ सलमान खान को पड़ोस में ही रहने वाली एकता परिहार से प्रेम हो गया और बात एक साथ जीने- मरने तक पहुंच गई। इसके बाद दोनों ने 13 सितंबर को घर से भागकर आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली। इधर युवती के घर वाले लड़की की तलाश में जुटे थे तभी बीते शुक्रवार को सलमान वापस ग्वालियर अपने घर लौटा। पड़ोस में ही युवती का परिवार रहता है, उन्हें जैसे ही सलमान की भनक लगी तो उन्होंने तैश में आकर उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस द्वारा इस मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जबकि बीते रोज विक्की अपनी पत्नी के साथ थाने पहुंचा, जिसने वहां मौजूद पुलिस अफसरों को बताया कि शादी से पहले ही पत्नी ने शर्त रखी थी, कि उसे हिंदू धर्म अपनाना होगा, इसके लिए वह तैयार है, लेकिन हमें ससुराल वालों से जान का खतरा है। नवविवाहित जोड़े की गुहार पर पुलिस अफसरों ने उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण करने रविवार को भी खुले दफ्तर

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिये ग्वालियर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत रविवार की छुट्टी के दिन भी विभिन्न विभागों के दफ्तर खुले और सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का निराकरण अभियान बतौर किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं से मोबाइल फोन से बात की और संतुष्टि के साथ शिकायतों के निराकरण कराने के प्रयास किए। विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में और तेजी लाने एवं सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण कराने के उद्देश्य से शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण भी जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। इस क्रम में कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर अपर कलेक्टर कुमार सत्यम द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री सत्यम ने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को जल्द से जल्द निराकृत करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। रविवार को तानसेन तहसील कार्यालय एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में अधिकारी-कर्मचारियों ने रविवार को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण कर पोर्टल पर निराकरण का ब्यौरा दर्ज किया। इसी तरह अन्य शासकीय कार्यालयों में रविवार को अभियान बतौर सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें निराकृत की गई।

## एसएसपी सुमन गुर्जर ने सिखाए सकारात्मक जीवन जीने के गुर

# केआरजी कॉलेज में हुआ कैंसर अवेयरनेस प्रोग्राम






सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

को-ऑर्डिनेटिंग कैंसर केयर उपक्रम के तहत कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा केआरजी कॉलेज में कैंसर अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. अनीता अग्रवाल कैंसर विशेषज्ञ ने हेड एण्ड नेक कैंसर, स्तन कैंसर एवं डॉ. रजनी अग्रवाल कैंसर विशेषज्ञ ने बच्चे दानी के मुंह के कैंसर आदि के विषय में विस्तार से समझाया। साथ ही डॉ. सन्तोष ने सी.सी.सी. का उद्देश्य संक्षेप में समझाया और मुख्य वक्ताओं ने छात्राओं के सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। मुख्य अतिथि सुश्री सुमन गुर्जर एस.एस.पी. ने जीवन को सकारात्मकता से जीने के गुर सिखाए और कहा महिला होने के नाते आपको ही अपना ध्यान रखना होगा इसलिए शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कार्यक्रम में श्रीमती उषा माथुर पूर्व प्रिंसिपल के.आर.जी. कॉलेज, सुश्री गुप्ता एच.ओ.डी. कैमिस्ट्री विभाग एवं सभी फैकल्टीज उपस्थित रहे। इसके अलावा विश्व नारी अभ्युदय संगठन अध्यक्षा श्रीमती सुषमा अग्रवाल तथा कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट से डॉ. रजनी अग्रवाल, डॉ. अनीता अग्रवाल, डॉ. सन्तोष कुमार, सुजा सिस्टर, यश अग्रवाल और पूरी टीम उपस्थित रहे।

## शिष्यों ने की स्वामी विद्यानंद की चरण वंदना

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



तीन दिवसीय प्रवास पर ग्वालियर आए महामंडलेश्वर विद्यानंद सरस्वती ने दूसरे दिन भी सीपी कॉलोनी स्थित अरविंद त्रिपाठी के निवास पर श्रद्धालुओं से मुलाकात की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने महाराज जी की चरण वंदना कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। अपने प्रवास के अंतिम दिवस विद्यानंद सरस्वती महाराज खेड़ापति कॉलोनी-15 स्थित प्रमोद अग्रवाल के निवास पर भक्तों से मुलाकात करेंगे। यहां उनसे सुबह 10 से 12 एवं शाम 5 से 8 बजे तक मुलाकात हो सकेगी। इस मौके पर भाव भावेश्वर सेवा समिति के विजय गोयल, प्रमोद अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, प्रवीण त्रिपाठी, विजय गोयल, अजय गोयल, महावीर वंसल, राधेश्याम भाकर, गिर्राज शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### उसरेटे सेन समाज का अन्नकूट कल

**ग्वालियर।** श्री गणेश मंदिर, उसरेटे सेन समाज मंदिर कम्पू पर 19 अक्टूबर को सायं 7 से 9 बजे तक अन्नकूट का आयोजन किया जायेगा। समाज के अध्यक्ष शंकर सविता एवं समाजसेवी अमित सविता ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी अन्नकूट का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया जायेगा, जिसमें समाज के सभी लोग प्रसाद का लाभ उठायें। इस आयोजन की सूचना निमंत्रण पत्र के माध्यम से समाज के सभी घरों में परिवार सहित आने का पहुंच गया है।

# वार्ड 39 में उप चुनाव के लिये आज जारी होगी निर्वाचन की सूचना

### इसी के साथ भरे जा सकेंगे नाम निर्देशन पत्र

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के उपनिर्वाचन के लिये कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इस कार्यक्रम के तहत 7 से 15 नवम्बर की स्थिति में रिक्त पदों के लिये उपचुनाव होगा। ग्वालियर नगर पालिक निगम के वार्ड 39 के पार्षद पद का उपचुनाव भी इस कार्यक्रम के तहत होगा। जिला निर्वाचन कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन) से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम के तहत वार्ड 39 के पार्षद पद के निर्वाचन के लिये सोमवार 18 नवम्बर को प्रातः 10.30 बजे निर्वाचन की सूचना जारी की जायेगी। इसी के साथ नाम निर्देशन पत्र की प्रक्रिया शुरू होगी। सोमवार 25 नवम्बर को अपरान्ह 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि है। नाम निर्देशन पत्रों की जांच मंगलवार 26 नवम्बर को प्रातः 10.30 बजे से की जायेगी। 28 नवम्बर को अपरान्ह 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। नाम वापसी के ठीक बाद 28 नवम्बर को चुनाव मैदान में शेष रहे अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जायेगा। यदि आवश्यक हुआ तो 9 दिसम्बर को मतदान होगा। मतगणना एवं परिणाम की घोषणा 12 दिसम्बर को की जायेगी।

### ग्राम पंचायत चराईश्यामपुर, करही, कुम्हर्रा व रजियावर में पंच पद का होगा उपचुनाव

जिला निर्वाचन कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन) से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की जनपद पंचायत घाटीगांव की ग्राम पंचायत चराईश्यामपुर के वार्ड 6 व ग्राम पंचायत करही के वार्ड क्र. 9 में पंच पद का उपचुनाव होना है। इसी तरह जनपद पंचायत डबरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हर्रा के वार्ड 1 व ग्राम पंचायत रजियावर के वार्ड क्र. 1 में पंच पद का उपचुनाव होगा।

### संबंधित क्षेत्र के शस्त्र लायसेंस निलंबित

नगर निगम के वार्ड 39 एवं जिले की इन चारों ग्राम पंचायतों में आचार संहिता लागू है। साथ ही इस क्षेत्र के सभी सत्र लायसेंसों की अनुज्ञप्तियां कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा निलंबित कर दी गई हैं और अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## ऊर्जा मंत्री आज विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे

**ग्वालियर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सोमवार को उप नगर ग्वालियर में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। मंत्री श्री तोमर इस दिन प्रातः 10 बजे वार्ड क्र.17 में लगभग 2 लाख 50 हजार रूपए की लागत से बीजासेन माता मंदिर पर सामुदायिक भवन के मरम्मतीकरण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। इसके बाद प्रातः 10.30 बजे कृष्णा नगर पहाड़िया मोतीझील पर लगभग 3 करोड़ 94 लाख रूपए की लागत से सम्पूर्ण क्षेत्र में सीवर लाइन निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे।

## औषधि निरीक्षक ने किया मेडीकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

जिले में मेडीकल स्टोर सहित अन्य दवा एजेंसियों के भण्डारों का लगातार निरीक्षण करने के निर्देश कलेक्टर रुचिका चौहान ने विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। इस कड़ी में औषधि निरीक्षक सुश्री अनुभूति शर्मा द्वारा रविवार को सहकारी बाजार स्थित अक्षय ट्रेडर्स, गुप्ता मेडीकल एजेंसी व मनन फार्मा का औचक निरीक्षण किया गया। इन दवा दुकानों के रिकॉर्ड की जांच के साथ-साथ दवाओं के नमूने जांच के लिये एकत्रित किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान औषधि निरीक्षक सुश्री अनुभूति शर्मा ने दवाओं के रख-रखाव, एक्सपायरी डेट की दवाओं का प्रबंधन तथा दवाओं के क्रय-विक्रय संबंधी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। उन्होंने अक्षय ट्रेडर्स के संचालक को दवाओं की खरीदी-बिक्री के सभी रिकॉर्ड दो दिन के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने गुप्ता मेडीकल एजेंसी से भूख बढ़ाने वाले सीरप सिप्रो फोर्ट व शरीर में कैल्शियम की कमी दूद करने वाले महाकेल सशपेंशन के नमूने जांच के लिए एकत्रित किए। इसी तरह मनन फार्मा से शिशुओं के लिये इस्तेमाल होने वाले मसाज ऑयल व फैशियल कॉस्मेटिक बार के सेम्पल उन्होंने लिए। साथ ही इस फर्म को खरीदी बिल प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं। सभी फर्मों से लिए गए दवाओं के इन नमूनों को राज्य औषधि प्रयोगशाला भोपाल में जांच के लिये भेजा जायेगा।



**सत्ता न्यूज**

## 40 कवियों ने पड़ी कविता, किया सम्मान

# रामबरन ओझा की स्मृति में विराट कवि सम्मेलन संपन्न

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर





मध्यप्रदेश काव्य धारा मंच द्वारा देश के ख्याति प्राप्त गीतकार स्वर्गीय रामबरन ओझा की प्रथम पुण्य स्मृति के अवसर पर एक विराट कवि सम्मेलन गांधी रोड सर्किट हाउस पर संपन्न हुआ। जिसमें 40 कवियों ने अपनी काव्य रचनाएं पड़ी। कवि सम्मेलन देर रात तक चला। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुरेश सम्राट ने की। मुख्य अतिथि प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार सेन थे। कार्यक्रम के सूत्राधार में नयन किशोर श्रीवास्तव ने सभी आमंत्रित कवियों का स्वागत किया एवं रामबरन ओझा के व्यक्तित्व एवं प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्था की ओर से कवियत्री प्रतिभा द्विवेदी को सम्मानित किया किया गया। इस मौके पर जगमोहन श्रीवास्तव, यासीन खान मंसूरी, नयन किशोर श्रीवास्तव, अनिल रही, एमएल सिंघल, डॉ. प्रतिभा द्विवेदी, डॉ. विजय करुण, पुष्पा मिश्रा, राणा जेबा, चेतना चौहान, हेमंत त्रिवेदी अमन, आरती अक्षत, अंजलि चौरसिया, लोकेश तिवारी, हेमंत कुमार लोधी, रामचरण चिराड़, कुलदीप सेंगर, मांगीलाल मरमिट, अशोक प्रेमी, रामसेवक शाक्यवार, डॉ. रमेश चंद्र त्रिपाठी, अशोक बिरथरिया, श्वेता गर्ग, रेशमा बानो, विजय कृष्ण योगी, विकास बघेल के अलावा लोकेश तिवारी, मोइनुद्दीन, अनिल रही, जगमोहन श्रीवास्तव, श्वेता गर्ग, रमेश चंद्र पार्टी, अमर सिंह यादव, सुरेश सम्राट, अनिल सेन, यासीन खान मंसूरी, रामसेवक सिकवार, चेतन चौहान, माला श्रीवास्तव, आरती अक्षत, पुष्प मिश्रा, प्रतिभा द्विवेदी, विजय कृष्ण योगी, मांगीलाल मरमिट, अशोक प्रेमी, कुलदीप सिंह सेंगर, हेमंत त्रिवेदी, प्रदीप पुष्पेंद्र, राम चरण चिराड़, विकास बघेल, अंजलि चौरसिया, हेमंत कुमार लोधी, राणा जेबा, मनीष रोशन, राजेश अवस्थी लावा, कालीचरण सहित 40 कवियों ने कविता पाठ किया एवं आभार प्रदर्शन संस्था अध्यक्ष नयन किशोर श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का संचालन हेमंत त्रिवेदी ने किया।

# भागवत कथा में की गोवर्धन पूजा





**ग्वालियर।** मानपुर फेस वन में भक्तों द्वारा श्री गोवर्धन के लिए 56 भोग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भागवत आचार्य लाडली सरकार द्वारा उत्तराखंड मालवा से भागवत की सुंदर व्याख्या की गई। पंचम दिवस पर लाडली सरकार का माला, श्रीफल देकर स्वागत किया। इस अवसर पर समाजसेवियों एवं संस्थाओं द्वारा भी 11 वर्षीय लाडली सरकार का भावपूर्ण स्वागत कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्ग द्वारा गोवर्धन का पूजन कर नित्य किया। समूचे मानपुरवासी खुशी से झूम उठे।

### ब्रीफ न्यूज

## अलग-अलग तीन घटनाओं में तीन लोगों की मौत



**बीना (सागर)।** बीना और भानगढ़ थाना क्षेत्र में अलग-अलग तीन घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं एक युवक घायल हो गया। तीनों मामलों में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

**सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा घायल-** पुलिस के अनुसार बाइक सवार अकलेश (22) पिता बलदेव आदिवासी निवासी गुरयाना अपने साथी बबलू आदिवासी के साथ गांव जा रहा था। इसी दौरान बिल्धव गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में अकलेश आदिवासी की मौत हो गई। वहीं, बबलू आदिवासी घायल हो गया। सूचना के बाद भानगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया है।

**शराब के नशे में घर जा रहे व्यक्ति की हुई मौत-** अन्य मामले में वृंदावन (40) पिता मनसाराम यादव निवासी सलीता अपने घर पैदल जा रहा था। कंजिया फूटीघड़ी के पास अचानक गिर गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

**जहरीला पदार्थ खाने से व्यक्ति की मौत-** बीना थाने की छोटी बजरिया पुलिस चौकी के तहत साहब सिंह (50) पिता रूपसिंह ठाकुर नौगांव निवासी ने जहर खा लिया। परिजन उसे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## जीवन के प्रति सजग होने के साथ-साथ अब सड़क संस्कृति बनाने का समय आ गया है: बृहस्पति कुमार


**छतरपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पण करना और पीड़ित लोगों के परिवार को सहयोग देने के लक्ष्य से, संयुक्त राष्ट्र द्वारा नवम्बर मास के तीसरे रविवार को वर्ल्ड डे आफ रिमेंमब्रेंस अर्थात सड़क दुर्घटना में पीड़ितों प्रति विश्व स्मृति दिवस घोषित किया गया, इस प्रोजेक्ट को ब्रह्माकुमारीज़ के यातायात प्रभाग ने अपनाते हुए वृहद स्तर पर इस कार्यक्रम को मनाना प्रारंभ किया। इसी प्रोजेक्ट के तहत ब्रह्माकुमारीज़ किशोर सागर में भी यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित किया गया जिसमें दिवंगत आत्माओं के परिवारजनों को संबल देने के उद्देश्य से आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में छतरपुर यातायात प्रभारी बृहस्पति कुमार साकेत ने कहा कि हमें अन्य संस्कृतियों के साथ अब सड़क संस्कृति को भी अपनाना होगा क्योंकि इसी एक आचरण या संस्कृति को अपनाकर हम दुर्घटनाओं को कम सकते हैं और आगे आने वाली पीढ़ी को संस्कार देकर कुछ सिखा सकते हैं। एक जिम्मेदारी पूर्ण कार्य है तो जब हम अपने बच्चों के हाथ में वाहन देते हैं तो हम निश्चित ही उन्हें वह संस्कार भी अवश्य दें जो ट्रैफिक संबंधित नियम हैं,कायदे बने हुए हैं उनको हमें अवश्य पालन करना है।

# शासन के निर्देश के बावजूद कन्या महाविद्यालय भूला राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मानना

### जन भागीदारी अध्यक्ष श्रीमती राय ने उठाई कड़ी आपत्ति, भगवान बिरसा मुण्डा जी की 150 वीं जयन्ती


सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)






कन्या महाविद्यालय जन भागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती सोनाली जितेंद्र राय ने कड़ी आपत्ति उठाते हुए कहा कि शासन के निर्देशों के बावजूद भी राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस भगवान बिरसा मुंडा जी की 150 भी जयंती नहीं मानना निंदनीय है ,उन्होंने आगे कहा कि भगवान बिरसामुण्डा की 150 वी जयंती पर प्रधानमंत्री जी की बिहार जामुई से सभा का लाइव प्रसारण किया जा रहा था और महाविद्यालय के जिम्मेदारों की अनुपस्थिति निंदनीय है। सरकार के आदिवासी, वनवासी बंधुओं के उत्थान के लिये किये जा रहे प्रयासों को महाविद्यालय में मजाक बनाया जा रहा है। भाजपा और सरकार के प्रयासों की एक बार फिर हवा निकाली गयी।ऐसा प्रतीत होता है जैसे इनको सत्ता, शासन, सरकार और सरकार चला रहे दल का कोई भय ही नही है। राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस भगवान बिरसा मुंडा जी की 150 वीं जयन्ती मनाने के आदेश शासकीय अशासकीय महाविद्यालय में जारी किए गए थे। किंतु कन्या महाविद्यालय प्रबंधक एवं प्राचार्य की लापरवाही के चलते बीना कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस भगवान बिरसा मुंडा जी की 150 वीं जयन्ती नहीं मनाई गई और इस तरह शासन के आदेशों का खुला उल्लंघन किया गया।

# संभागीय बैठक में निर्णय ,सागर में होगा वैश्य कुंभ का आयोजन



सत्ता सुधार ■ सागर

वैश्य महा सम्मेलन की संभागीय कोर ग्रुप बैठक का आयोजन सागर में हुआ। सागर जिला जोकि संगठन की दृष्टि से संभाग में परिणत हो गया है एवं उसके तीन जिले सागर, शाहगढ़ एवं बीना बन गए हैं। परिसीमन के पश्चात तीनों जिलों के प्रमुख पदाधिकारी की प्रथम संभागीय राउंड बैठक का आयोजन हुआ। प्रदेश के सह संगठन मंत्री राजकुमार गुप्ता, प्रदेश महामंत्री निकेश गुप्ता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल मलैया ने बैठक में भाग लिया। इस संभागीय बैठक में संगठन को पुनर्गठित कर गतिविधियों को तेज करने एवं तहसील स्तर पर वैश्य समाज के सम्मेलन कराने की कार्य योजना तैयार की गई। राजकुमार गुप्ता ने कहा कि वैश्य महासम्मेलन संगठन सबसे ज्यादा आजीवन सदस्यता वाला प्रदेश का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है इसके कुल 60 हजार सदस्य सशुल्क इसमें शामिल होते हैं। इसकी जड़े ग्राम पंचायत स्तर तक फैली हुई है। निकेश गुप्ता ने कहा कि पूरे जिले में वेश्यों के सम्मान एवं सुरक्षा के लिए वेश्यों को एकजुट कर सम्मेलनों का आयोजन हर तहसील स्तर पर किया जाएगा। सागर में भी इसका आयोजन सभी घटक जैन, सोनी, साहू, केसरवानी गहोई, अग्रवाल, ताम्रकार, असाटी, नेमा, कलचुरी समाजों को एकजुट कर वृहत रूप में अगले माह किया जाएगा। कपिल मलैया ने पिछले दिनों किए गए रचनात्मक कार्य की तारीफ करते हुए सभी वैश्य जनों से आगामी सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की। कार्यक्रम की शुरुआत माँ लक्ष्मी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। स्वागत भाषण संभागीय अध्यक्ष गिरजेश सोनी ने दिया एवं संगठन में सोनी समाज के योगदान की भी चर्चा की। प्रदेश महामंत्री युवा इकाई सचिन जैन स्पोर्ट्स संरक्षक हेमचंद बजाज, जिला संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ मोहन अग्रवाल ने भी अपने विचार रखें। सागर जिला प्रभारी श्रेयांश जैन एवं जिला अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने अति शीघ्र सागर की बैठक बुलाकर उसमें वैश्य पंचांग विमोचन करने एवं आगामी सम्मेलन की तैयारीयों को शुरू करने की बात कही। जिला संगठन मंत्री आलोक जैन ने सभी तहसीलों के प्रभारी की घोषणा की। बैठक में तीनों जिलों के वरिष्ठ, महिला एवं युवा इकाई के अध्यक्ष, प्रभारी एवं महामंत्रियों ने भागीदारी की। आमंत्रित अतिथियों की स्वागत व्यवस्था युवा संभागीय अध्यक्ष नितिन जैन एवं जिला अध्यक्ष विकास केसरवानी ने संभाली। मंच संचालन महामंत्री अतुल ताम्रकार एवं मनोज भाई जी ने संयुक्त रूप से किया। आभार प्रशांत जैन ने माना। बैठक में संदीप बबलू सिनेमा, सुधा रूसिया, मनोज अग्रवाल कमल देवड़िया, निक्की बृजपुरिया, आदेश जैन, राकेश निश्चय, प्रीति जैन पटवारी, दीप्ति गुप्ता, अनीता जैन सरिता जैन, वरुण सोनी, संदीप अग्रवाल, अंशुल मिड़ला, समीर जैन, अखिलेश समैया, राजकुमार झुड़ेले, बद्री विशाल साहू, शरद गुप्ता, सुरेश चंद्र जैन, अनुराग झुड़ेले, नीरज गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# बीना में पांच दिवसीय संगीतमय श्रीहरि कथा

### विश्व शांति जब दिव्य ज्ञान से ही प्राप्त होगी: वीरभद्रा भारती

### धर्म क्या है जिसे धारण किया जाए :साध्वी कादंबरी भारती

### क्या ईश्वर दिखाई देता है ? हाँ ईश्वर दिखाई देता है

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)



दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की आशुतोष महाराजजी की शिष्याओं साध्वी कादंबरी भारती, साध्वी वीरभद्रा भारती, ने बताया कि पांच दिवसीय संगीतमय श्री हरि कथा आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम दिनांक - 17 से 21 नवम्बर 2024 कथा समय- दोप. 01 से 4 बजे तक स्थान - गोमती नंदन होटल के सामने वाले मैदान मे पुष्प बिहार कॉलोनी वीरसावरकर वार्ड बीना, आयोजित किया जाएगा।इस कार्यक्रम में श्रीरामचरित मानस, श्रीमद् भागवत गीता, वेद उपनिषद एवं अन्य सभी ग्रंथों के आधार पर आप ईश्वर की शाश्वत भक्ति एवं सनातन ज्ञान का रहस्य जान पायेगें। मानव जीवन का एक मात्र उद्देश्य ईश्वर के दर्शन प्राप्त कर अपने स्वयं के असली स्वरूप को पहचानना है। इसी भावना से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।दिव्य ज्योति जागृति संस्थान सामाजिक क्षेत्र में अनेक कार्य कर रही है। लोगों को आत्मनिर्भर बनाना।

## एकल छायाचित्र प्रदर्शनी में शामिल हुई महापौर



**सागर।** दी एसोसिएशन ऑफ वी क्लब्स ऑफ इंडिया डिस्ट्रिक्ट 32G2, WE क्लब सागर गोल्ड के सौजन्य से सिविल लाइन स्थित होटल दीपक में एकल छायाचित्र प्रदर्शनी में बतौर अतिथि महापौर संगीता सुशील तिवारी शामिल हुई। छायाकार संध्या सरवटे के चित्रों की प्रदर्शनी इसमें की गई। कार्यक्रम में डॉ. नीलिमा पिंपलापुरे एवं वरिष्ठ फोटोग्राफर गोविंद सरवैया भी बतौर अतिथि शामिल हुए। संचालन डॉ. अमर जैन ने किया।

## रामायण के दोहे हो या तुलसी की चैपाई या वेदों की ऋचाएं सभी में सहिष्णुता का मार्ग बताया गया है: डॉ गौरीशंकर

सत्ता सुधार ■ सागर

पं. दीनदयाल उपाध्याय, शासकीय कला एवं वाणिज्य ''अग्रणी'' महाविद्यालय, सागर में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के अंतर्गत प्राचीन भारत-सहिष्णुता की प्रतिमूर्ति विषय पर व्याख्यान माला तथा डॉ मधु श्रीवास्तव की स्मृति में भारत में सहिष्णुता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दिनेश श्रीवास्तव एडव्होकेट द्वारा 70 प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट शील्ड व मेडल प्रदान किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौरीशंकर चैबे वरिष्ठ चिकित्सक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये भारतीय ज्ञान परम्परा की महत्वपूर्ण व्याख्या करते हुये कहा कि रामायण के दोहे हो या तुलसी की चैपाई या वेदों की ऋचाऐं सभी में सहिष्णुता का मार्ग बताया गया है। भारतीय संस्कृति के मूल में वसुधैव कुटम्बकम् का विचार सभी को आत्मसात करने का मार्ग प्रशस्त करता है। भारतीय ज्ञान परम्परा भारत की समृद्ध विरासत है जो धर्म का मूल आधार भी है। प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का केन्द्रीय स्तम्भ माना गया है तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़े विषयों को पाठ्य चर्चा में जोड़ने की पहल की है जिसका मुख्य उद्देश्य स्वदेशी भारतीय ज्ञान से सभी को परिचित कराना है। प्राचीन भारत में दर्शन, विज्ञान, आयुर्वेद, ज्योतिष एवं संगीत जैसे अनेक क्षेत्रों में विशिष्ट ज्ञान भरा हुआ है। झॉसी से पधारे विनोद मिश्र सुरमणि द्वारा लोककलाओं के समुन्नत विकास के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि अगर चल सको तो स्वयं चलो तुम सफलता तुम्हारे चरण चूम लेगी। रंग के साथी असरार अहमद एवं अंशिता बजाज को बुन्देली चितेरी कला से सज्जित अंक वस्त्र प्रदान किये। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ अमर कुमार जैन, जिला नोडल अधिकारी स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना ने किया। कार्यक्रम में डॉ गोपा जैन, डॉ रंजना मिश्रा, डॉ संगीता मुखर्जी, डॉ इमराना सिद्धीकी, डॉ शुचिता अग्रवाल, डॉ अभिलाषा जैन, डॉ प्रतिभा जैन, डॉ भरत शुक्ला, डॉ वसुंधरा गुप्ता, डॉ रोशनी चैधरी, चंदन अहिरवार, चन्द्रप्रताप सिंह सहित 200 विद्यार्थी उपस्थित थे।

## नवाड की भूमि मे सिचाई कर रहे थे अतिक्रमण कारी, हथियारों से लेस अमले को देखकर भाग निकले माफिया

**खंडवा।** नवाड की भूमि पर रबी की फसल लगाकर सिचाई की जा रही थी वन अमला पहुँचा और पाईप समेटकर अपने साथ ले आया।गुडी वन परिक्षेत्र के कुमठा सर्कल में अतिक्रमण कारियों पर वन विभाग ने कार्रवाई की है। वन भूमि पर अतिक्रमण कर फसल लगाकर सिचाई की जा रही थी। वन अमले को देखकर अतिक्रमण कारी भाग गए। मौके से सिचाई में उपयोग होने वाला पाइप व पानी की मोटर जब्त की। शुक्रवार को वन अमला पुरी तैयारी के साथ कुमठा सर्कल क्रमांक 741 में कार्रवाई करने पहुंचा। हथियारों से लेस 15 से अधिक वनकर्मी व वन समिति सदस्यों के साथ रेंजर नरेंद्र पटेल जंगल पहुंचे थे। यहां जंगल में वन भूमि पर अतिक्रमण कारियों ने फसल लगा रखी है। मक्का, गेहूं व चना लगाया है। , नदी व नालों से पानी की मोटर लगाकर सिचाई की जा रही है। वन अमले को देख अतिक्रमण कारियों में भगदड़ मच गई। पानी की मोटर व पाइप छोड़ सभी भाग गए।रेंजर पटेल ने बताया कि एक भी अतिक्रमण कारी हाथ नहीं आया है।

# मानव दुर्व्यवहार के प्रति रोकथाम हेतु नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम



सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)



आवाज मध्य प्रदेश द्वारा बीना विकासखंड की शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय एकीकृत विद्यालय क्रमांक 2, भीम वार्ड, छोटी बजरिया एवं गणेश वार्ड की एकीकृत विद्यालय में बाल संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता करने हेतु आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा मनोरंजन आत्मक रूप से नाटक के माध्यम से सुरक्षात्मक उपाय एवं सुरक्षात्मक नंबरों की जानकारी दी, आवाज की जिला समन्वयक मालती पटेल द्वारा सप्ताह के आयोजन के उद्देश्य के बारे में बताया गया एवं बच्चों के प्रति बढ़ते अपराध में हमारे समाज की भूमिका पर भी चर्चा की गई राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक प्रियंका सेन खुशबू प्रतिभा नेहा अभिषेक बंसल आकाश चौबे मनीष प्रदीप प्रशांत कुर्मी आवाज की टीम सदस्य वर्षा अहिरवार कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

**स्वागत** | महिला सशक्तिकरण की दिशा में महारानी होल्कर की यह यात्रा प्रेरणादायी एवं कारगर सिद्ध होगी

# महापौर ने मां होल्कर की यात्रा का सागर आगमन पर स्वागत किया

सत्ता सुधार ■ सागर





मां अहिल्या देवी होल्कर की महेश्वर से प्रारंभ होकर गोरखपुर पहुंचने वाली यात्रा का सागर में महापौर श्रीमति संगीता तिवारी,भाजपा नेता सुशील तिवारी, रिशांक तिवारी और सूर्यांश तिवारी सहित स्थानीय नागरिकों ने स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में महारानी होल्कर की यह यात्रा प्रेरणादायी एवं कारगर सिद्ध होगी। महारानी होल्कर के वैभव पूर्ण,स्वाभिमानी एवं धार्मिक चरित्र की जीवनशैली महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है इस यात्रा के माध्यम से महारानी होल्कर की न्याय व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था के बारे में भी महिलाओं को अधिक से अधिक जानकारी मिलेगी और महिलाएं उनके सिद्धांतों को अपनाकर और शसक्त होंगी। इस अवसर पर महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी रिशांक तिवारी सूर्यांश तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# आईएमए की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन, डॉक्टर अजब सिंह बने अध्यक्ष

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)



इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की स्थानीय कार्यकारिणी की बैठक होटल कलश में आयोजित हुई। जिसमें आपसी सहमति से नई समिति का गठन किया गया। बैठक में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। जिसमें डॉक्टर अजब सिंह ठाकुर को अध्यक्ष, डॉक्टर श्याम बापट को उपाध्यक्ष,डॉक्टर रश्मि सिंघई को सचिव, डॉक्टर सुंदर पंथी को सह सचिव, डॉक्टर पीडी साहू को कोषाध्यक्ष नामित किया गया है। बैठक में डॉक्टर कला अग्रवाल, डॉक्टर मेघा बापट, डॉक्टर एनके पांडे, डॉक्टर प्रियंक अग्रवाल, डॉक्टर जयश्री साहू, डॉक्टर सुजाता अग्रवाल, डॉक्टर सुवर्णा आचवल, डॉक्टर विनोद पंथी, डॉक्टर रामबाबू तिवारी आदि आईएमए सदस्य उपस्थित रहे।

